प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की युवा पीढ़ी को गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।
- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्यों से अवधिपार वाहनों को जब्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा।
- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज नई दिल्ली में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- झुंझुनूं में जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित करने के मामले में राजकीय बीडीके अस्पताल के तीन चिकित्सा अधिकारी निलंबित।

..........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की युवा पीढी को गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री कार्यालय में कल पर्यटन कला और संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि जिला स्तर पर स्कलों के विद्यार्थियों को क्षेत्रीय स्मारकों पर नियमित यात्राएं करवाई जाए। उन्होंने राजस्थान पर्यटन विकास निगम की सम्पत्तियों की प्रभावी निगरानी करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही नवीन पर्यटन नीति लाई जाएगी। इससे राज्य में पर्यटन की गति को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में इको, रूरल, हैरिटेज और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन भी किया जा रहा है। एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आवागमन को सरल और सुगम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जांच करने और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

..........................

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्यों से अवधिपार वाहनों को जब्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा है। आयोग ने इससे संबंधित जानकारी एक नोडल ऐजेंसी के माध्यम से आयोग को भी देने के निर्देश दिए है। बढते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आयोग ने संबंधित राज्य सरकारों के साथ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रेप के सख्त कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान धूल बढाने वाले सभी कार्यों को रोकने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस बीच प्रदेश के विभिन्न शहरों में बढते वायु प्रदूषण को देखते हुए राज्य सरकार ने जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिये है। राज्य के सभी थाना अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पराली जलने से रोकने के लिए पाबंद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने कल इस संबंध में आदेश जारी किये। ये आदेश उच्चतम न्यायालय के 7 नवंबर को जारी निर्देशों की पालना में दिये गये है। आदेश में कहा गया है कि अगर थानाक्षेत्र में पराली जलाने की घटना होती हैं तो थानाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा जिला कलेक्टरों द्वारा फसल अवशेषों को खेत में ही जलाने की प्रवृत्ति को रोकने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए उपखण्ड स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया है कि जिले में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से लगातार कदम उठाये जा रहे है।

..........................

गौरतलब है कि पिछले तीन–चार दिनों में प्रदेश के कई शहरों में वायु प्रदूषण बढा है।

..........................

जैसलमेर के तीन दिवसीय दौरे के तहत आज तीसरे दिन केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। इससे पहले श्री चौधरी ने कल जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यो का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली। केन्द्रीय मंत्री ने इसके अलावा जिले में विभिन्न विकास कार्यो की भी जानकारी ली।

..........................

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज नई दिल्ली में एक समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने वाले 82 युवा कलाकारों में प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय भपंग वादक यूसुफ ख़ान भी शामिल है। यूसुफ ख़ान ने 20 देशों में भपंग वादन की प्रस्तुति देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कला को नई पहचान दिलाई है। संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 में 40 वर्ष की आयु तक के कलाकारों के लिए भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के नाम पर इस पुरस्कार की शुरुआत की थी। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और आदिवासी कला रूपों और अन्य संबद्ध प्रदर्शन कला रूपों के क्षेत्र में युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना है।

..........................

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थानी मंडप में बडी संख्या में आगन्तुक पहुंच रहे है। राजस्थानी व्यंजनों के स्वाद के लिए मंडप में लगे काउंटरों पर लोगों की भीड रही। मेला थीम के अनुसार राजस्थान पवेलियन में राजस्थान की प्रगति, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत को दिखाने का प्रयास किया गया है। आगामी महीने में जयपुर में होने वाली राइजिंग राजस्थान समिट –2024 में निवेशकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी पवेलियन में विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

..........................

केन्द्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आधार से जुडी ओटीपी के जरिए कर्मचारियों का यूनिवर्सल अकाउंट नम्बर सक्रिय रहे। इसका उद्देश्य अधिकाधिक नियोक्ताओं और कर्मचारियों को इस वर्ष के बजट में घोषित नियोजन–आधारित आर्थिक प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाना है। पहले चरण में, नियोक्ताओं को इस महीने की 30 तारीख तक सभी कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नम्बर सक्रिय करना होगा। दूसरे चरण में, तस्वीर और बायोमीट्रिक विवरण की पुष्टि की जाएगी। इससे कर्मचारियों को पैसा निकालने या ट्रांसफर करने की ऑनलाईन सुविधा मिलेगी और भविष्य निधि खातों का प्रभावी प्रबंधन किया जा सकेगा।

..........................

झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल की आपातकालीन इकाई में एक जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित करने की लापरवाही सामने आने के बाद जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर अस्पताल के पीएमओ डॉ. संदीप पचार, डॉ. योगेश कुमार झाखड और डॉ. नवनीत मील को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि एक व्यक्ति की तबियत बिगडने पर उसका अस्पताल में ईलाज शुरू किया गया। बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शमशानघाट में दाह संस्कार के दौरान व्यक्ति की सांसे चलने लगी इसके बाद उसे फिर अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया। कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच के लिए समिति गठित की है।

..........................

भीलवाड़ा की अद्विका शर्मा ने राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हांसिल किया है। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में आयोजित 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में अद्विका ने सीबीएसई वेलफेयर गर्ल्स अंडर–17 में ये पदक प्राप्त किया। राजस्थान बैडमिंटन संघ ने अद्विका को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है।

..........................

दिव्यांगो के सशक्तिकरण के लिए 25 नवंबर से जयपुर की बस्सी पंचायत समिति से सक्षम जयपुर अभियान का शुभारंभ होगा। अभियान के तहत शिविर लगाकर दिव्यांगों का चिन्हीकरण, स्वावलंबन पोर्टल पर प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने, सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने तथा अंग उपकरण वितरण के लिए चिकित्सकों द्वारा जांच की जायेगी।

..........................